**2.** मधुमक्खी (मधुप) की समष्टि में नर (पुंमधुप) के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(i) उनकी प्रत्येक कोशिका में 16 गुणसूत्र (क्रोमोसोम) होते हैं ।

(ii) वे अर्धसूत्री विभाजन द्वारा शुक्राणु उत्पन्न करते हैं ।

(iii) उनके दादा तो होते हैं, परन्तु पिता नहीं होते ।

(iv) कॉलोनी में एक को छोड़ कर अन्य सभी नर (पुंमधुप) अगुणित होते हैं ।

(a) केवल (i) तथा (iii)

(b) केवल (ii) तथा (iii)

(c) केवल (iii) तथा (iv)

(d) केवल (ii) तथा (iv)

**3.** उस विकल्प को पहचानिए जो निम्न चित्र में दिखाए गए ऑस्ट्रेलिया के एक ही आवास में रहने वाले दो जन्तुओं के विकास के सही प्रकार को निरूपित करता है ।



चूहा                    शिशुधानी चूहा

(a) अभिसारी विकास

(b) विखंडित चयन

(c) अपसारी विकास

(d) समजात पूर्वज परंपरा

**4.** स्तम्भ I में दी गई संरचनाओं का स्तम्भ II में दिए गए फलों के साथ सही मिलान कीजिए :

| *स्तम्भ I (संरचना)* | | *स्तम्भ II (फल)* | |
|---|---|---|---|
| P. | परिभ्रूणपोष | i. | मक्का |
| Q. | पुष्पासन | ii. | काली मिर्च |
| R. | फलभित्ति | iii. | स्ट्रॉबेरी |
| S. | भ्रूणपोष | iv. | आम |

(a) P-i, Q-ii, R-iii, S-ii

(b) P-ii, Q-iii, R-iv, S-i


(c) P-iii, Q-i, R-i, S-iii

(d) P-iv, Q-i, R-ii, S-iv



https://www.evidyarthi.in/

**5.** A human male decides to adopt a surgical method for contraception. Identify the point in the diagram where a cut would be made and tied.




(a) Point S (b) Point R

(c) Point Q (d) Point P

**6.** Which of the following hormones are active during the ovulatory phase of menstrual cycle in a normal human female ?

(a) FSH and LH (b) LH and Estrogen

(c) FSH and Estrogen (d) Estrogen and Progesterone

**7.** Which one of the following fixes the atmospheric nitrogen but is ***not*** an autotroph ?

(a) *Oscillatoria* (b) *Rhizobium*


(c) *Anabaena* (d) *Nostoc*



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड ख

**17.** नौ जीवों के आहार जाल को निम्न आरेख द्वारा दर्शाया गया है ।




(क) आहार जाल में दो उत्पादकों तथा दो मांसाहारी जीवों को पहचानिए ।

(ख) इस आहार जाल का चित्रण करते हुए क्या एक पारिस्थितिक पिरैमिड बना सकते हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *2*

**18.** (क) 'निवेशी निष्क्रियता' (इनसर्शनल इनएक्टीवेशन) पुनर्योगज डीएनए को पहचानने की एक विधि (उपाय) है । इस विधि की व्याख्या कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) किसी रोग के नैदानिक लक्षण के दिखाई देने से पहले ही उसकी पहचान में प्रयुक्त पुनर्योगज डीएनए प्रौद्योगिकी किस प्रकार सहायक है, व्याख्या कीजिए । *2*

**19.** ऐसे दो कारकों की सूची बनाकर व्याख्या कीजिए, जिनसे किसी क्षेत्र के समष्टि घनत्व में कमी आती है । *2*

**20.** (क) एक आवृतबीजी (ऐंजियोस्पर्म) में नर युग्मकोद्भिद के विकास के प्रक्रम की व्याख्या कीजिए ।

(ख) इसे नर युग्मकोद्भिद के नाम से क्यों जाना जाता है ? *2*

**21.** निम्नलिखित में से सूक्ष्मजीवों की भूमिका की व्याख्या कीजिए : *2*

(क) अंगूर के रस में शर्करा की मात्रा घटाना

(ख) ईंधन का उत्पादन


https://www.evidyarthi.in/

### खण्ड ङ

**31.** (क) (i) एक असीमकेन्द्रकी (पूर्वकेन्द्रकी) प्रतिकृत द्विशाख का नामांकित चित्र बनाइए जिसमें डीएनए प्रतिकृतियन प्रक्रम का निरूपण किया गया है ।

(ii) आपके द्वारा डीएनए के नामांकित किए गए द्विशाख के दो नव-संश्लेषित रज्जुओं के बीच विभेद कीजिए ।

(iii) डीएनए प्रतिकृतियन की प्रक्रिया में शामिल एंज़ाइमों के नाम लिखिए ।


(iv) उस सुकेन्द्रकी का नाम लिखिए जिसमें डीएनए के अर्धसंरक्षी प्रतिकृतियन की प्रायोगिक पुष्टि की गई । *5*

**अथवा**

(ख) आपको मटर का एक लंबा तथा हरे बीजों वाला पौधा दिया गया । इस पौधे का जीनप्ररूप ज्ञात नहीं है । आपको इस पौधे का जीनोटाइप ज्ञात करने के लिए केवल 'स्वपरागण' कराने की अनुमति है ।

सभी संभावित क्रॉस बनाकर दर्शाइए कि आप दिए गए पौधे का जीनोटाइप किस प्रकार ज्ञात करेंगे । *5*

**32.** (क) नीचे दिए गए चित्र में एक मानव अंडाणु का निरूपण किया गया है ।




(i) इसके 'a', 'b' और 'c' भागों को पहचान कर उनके नाम लिखिए ।

(ii) अंडाशय से विमोचन के समय इस अंडाणु का अर्धसूत्री विभाजन अपूर्ण रह जाता है । यह अर्धसूत्री विभाजन कब, कहाँ और कैसे पूरा होता है ?



https://www.evidyarthi.in/

